लोक सभा अध्यक्ष ने श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव को लोक सभा और लोक सभा सचिवालय की महासचिव नियुक्त किया

नई दिल्ली, 29 नवम्बर, 2017 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, भा.प्र.से (सेवानिवृत्त) (म.प्र. : 1982) को 1 दिसंबर, 2017 से मंत्रिमंडल सचिव के पद और स्थिति में लोक सभा और लोक सभा सचिवालय की महासचिव नियुक्त किया है।

श्रीमती श्रीवास्तव लोक सभा और लोक सभा सचिवालय की पहली महिला महासचिव होंगी।

35 वर्ष के गहन और विविध प्रशासनिक अनुभव से संपन्न, सिविल सेवा की वरिष्ठ अधिकारी, श्रीमती श्रीवास्तव ने केंद्र में न्याय विभाग, विधि और न्याय मंत्रालय की सचिव; वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय की विशेष/अपर सचिव जैसे अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

श्रीमती श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश सरकार में संस्कृति और संसदीय कार्य की प्रधान सचिव; विद्यालय शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव; राजस्व विभाग की राहत आयुक्त; उच्च शिक्षा विभाग और तकनीकी शिक्षण और प्रशिक्षण की प्रधान सचिव जैसे वरिष्ठ पदों पर भी सेवाएं प्रदान की हैं।